एंकर स्टोरी

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज महाकोशल में कॅरियर मार्गदर्शन और आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

# अग्निवीर योजना से जुड़ें छात्र, जूडो-कराते में माहिर बनेंगी छात्राएं

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com



**जबलपुर.** कॉलेज स्टूडेंट्स को अग्निवीर योजना से जुड़ने के लिए दिशा-निर्देश मिले। वहीं सशस्त्र बलों में जाने के लिए भी आवश्यक बातों से रूबरू करवाया गया। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत अग्निवीर योजना अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि योजना से जुड़कर जहां युवाओं को देशसेवा का मौका मिलेगा, वहीं अवधि पूरी होने के बाद वे सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। उन्होंने अग्निवीर भर्ती अधिसूचना, पदों की जानकारी, अग्निवीर सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि युवाओं को 10 अप्रेल तक अधिक से अधिक संख्या में योजना के लिए आवेदन देना चाहिए।

## आत्मरक्षा की ट्रेनिंग से नारी शक्ति का आत्मविश्वास बढ़ाने की पहल

कॉलेज में 15 दिवसीय जूडो कराते प्रशिक्षण शिविर भी शुरू हुआ। कॉलेज परिसर में छात्राओं को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षक नागेश राव ने बताया कि बालिकाओं में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण उनमें आत्मविश्वास बढ़ाता है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ज्योति जुनगरे ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा कानून और अधिकारों की जानकारी होना चाहिए, तभी वह सशक्त हो सकेंगी। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु जूडो कराते का प्रशिक्षण एवं प्रशस्तिपत्र भी दिए जाएंगे। इस मौके पर रणविजय सिंह, डॉ. आभा पांडे, डॉ. मीनाक्षी मरावी, डॉ. प्रीति पुष्पद, डॉ. अनीता अग्रवाल, सुरेश रजक, शशिकांत स्वामी, बिसराम उइके, गगन सिंह ठाकुर मौजूद थे।

